हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, सोमवार, 15 सितंबर 2025

11 कलमकारों ने हिंदी को बताया जन-जन की भाषा



12 अंश ने स्वर्ण व शौर्य ने कांस्य पदक जीता



## खबर संक्षेप

### स्मैक सहित दो आरोपी गिरफ्तार, केस दर्ज

**बहादुरगढ़।** स्थानीय पुलिस ने स्मैक सहित दो आरोपी गिरफ्तार किए हैं। आरोपियों के खिलाफ सदर थाने मे में संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार, दो व्यक्ति गांव कुलासी में यह गैर कानूनी गतिविधि करते नजर आए। ग्रामीणों की नजर पड़ी तो उन्होंने दोनों पकड़ लिए और पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी काबू किए। राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में तलाशी लेने पर उनके पास से 16 ग्राम स्मैक बरामद हुई। आरोपियों की पहचान अनिल निवासी कुलासी और मंजीत निवासी कानोंदा के रूप में हुई है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

### मेट्रो स्टेशन के नीचे से बाइक चोरी

**बहादुरगढ़।** ब्रिगेडियर होशियार सिंह मेट्रो स्टेशन के नीचे से बाइक चोरी हो गई। वाहन मालिक ने पुलिस को शिकायत दे दी है। हसनगढ़ के निवासी उज्ज्वल का कहना है कि 13 सितंबर को उसने अपनी बाइक मेट्रो स्टेशन के नीचे खड़ी की थी। फिर अपने काम पर चला गया। शाम को वापस आया तो नहीं मिली। उज्ज्वल की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बता दें कि इलाके में वाहनों की चोरी लगातार बढ़ रही है। मेट्रो स्टेशनों के आसपास खड़े वाहन विशेषतौर पर चोरों का निशाना बने हुए हैं।

### मोबाइल चोरी कर खाते से निकाले 63 हजार

**बहादुरगढ़।** मोबाइल चोरी करने के बाद खाते से रुपये निकालने के मामलों में बढ़ोतरी हो रही है। शहर में एक और युवक के साथ ऐसी वारदात हुई है। उसके खाते से 63 हजार रुपये निकाले गए हैं। पीड़ित ने पुलिस को शिकायत दे दी है। वारदात प्रीत विहार के निवासी विकास के साथ हुई है। विकास के मुताबिक, गत 11 सितंबर को वह सब्जी मंडी में गया था। इस दौरान उसका मोबाइल चोरी हो गया। मोबाइल चोरी करने के बाद शातिरों ने उसके खाते में सेंध लगा दी। अगले दिन उसने सिम दोबारा निकालकर फोन में डाली तो मामले का पता चला। तीन बार में 63 हजार रुपये निकाले गए थे। फिर उन्होंने पुलिस को शिकायत दी। सेक्टर-6 थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जिन खातों में रुपये भेजे गए हैं, उनकी डिटेल जुटाई जा रही है।

### गाड़ी की टक्कर से महिला घायल

**बहादुरगढ़।** जाखोदा में गाड़ी की चपेट में आकर एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे पीजीआई रोहतक रेफर किया गया है। उसके पति के बयान पर पुलिस ने गाड़ी चालक पर केस दर्ज किया है। शिकायतकर्ता चक्रधर का कहना है कि वह यहां सुभाष नगर में रहता है। वे दोनों जाखोदा स्थित एक कंपनी में काम करते हैं। सुबह पत्नी प्रतीक्षा के साथ ड्यूटी पर गया था। जाखोदा में सड़क क्रास करते वक्त पत्नी को एक गाड़ी ने टक्कर मार दी। इस हादसे में पत्नी को काफी चोट आई। उसे अस्पताल में ले जाया गया। जहां से पीजीआई रेफर कर दी गई। हादसा गाड़ी चालक की लापरवाही के कारण हुआ।

### फसल क्षति का दावा दर्ज करने का आज अंतिम दिन

**झज्जर।** जिले के जलभराव से प्रभावित गांवों के किसानों को फसल क्षति का दावा दर्ज करने के लिए सोमवार अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि किसानों को अपनी फसल खराबे की जानकारी पोर्टल पर अपलोड करनी है। ऐसे में सरकार द्वारा ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल जिला के किसानों के लिए 15 सितंबर तक खोला गया है। उन्होंने कहा कि राजस्व अधिकारियों द्वारा ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर प्राप्त दावों का विशेष गिरदावरी के रूप में सत्यापन किया जा रहा है।

## जलभराव प्रभावितों की मदद को आगे आए सामाजिक संगठन

# मुंगेशपुर ड्रेन का जलस्तर घटने से कुछ राहत, जल्द निकासी की उम्मीद बढ़ी



बहादुरगढ़। सामाजिक संगठनों द्वारा वितरित राशन लेकर जाते जलभराव प्रभावित नागरिक।

**बहादुरगढ़।** मुंगेशपुर ड्रेन के टूटने से छोटूराम नगर में उत्पन्न जलभराव की समस्या से आमजन परेशान है। कई इलाकों में घरों और गलियों में पानी भरने से लोगों का दैनिक जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। ऐसी स्थिति में विभिन्न सामाजिक संगठन राहत कार्यों के लिए आगे आए हैं। जन जागरण समिति और रॉबिन हुड आर्मी के सदस्यों ने यहां राशन व भोजन वितरण कार्य किया। बता दें कि जन जागरण समिति द्वारा जलभराव प्रभावितों की मदद के लिए धन संग्रह किया गया। अब तक 86 लोगों ने इसमें अपने सामर्थ्य अनुसार योगदान दिया है।

### 80 परिवारों को 10 किलो आटा व आधा किलो अचार का डब्बा वितरित

शनिवार को 180 परिवारों को 10 किलो आटा व आधा किलो अचार का डब्बा वितरित किया गया। ट्रैक्टर-ट्रॉली की मदद से जलभराव में फंसे लोगों तक सहायता सामग्री पहुंचाई। शेष 220 परिवारों को सोमवार को यह किट वितरित की जाएंगी। वहीं रॉबिनहुड आर्मी ने रविवार को 200 पैकेट तैयार भोजन छोटूराम नगर में वितरित किया। करीब 200 परिवारों को कच्चे राशन की किट वितरित की गई। इसमें 5 किलो चावल और एक किलो दाल दी गई। इसके अलावा बिस्कुट, फ्रूटी, केले के अलावा महिलाओं के लिए सेनेट्री पैड वितरित किए गए। राजकुमार अरोड़ा, रमेश राठी, विनोद शर्मा, वजीर राठी, एनएस कपूर, रवींद्र शर्मा, हरिप्रसाद शर्मा व अरुण पाहुजा आदि का कहना है कि संकट की इस घड़ी में जरूरतमंदों तक मदद पहुंचाना सभी का कर्तव्य है। उन्होंने प्रशासन से भी अपील की है कि प्रभावित इलाकों में जल निकासी और राहत कार्यों को तेज किया जाए, ताकि लोगों को जल्द से जल्द राहत मिल सके। पूर्व पार्षद हरिमोहन धाकरे समेत जलभराव से प्रभावित परिवारों ने सामाजिक संगठनों के इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे समय में मिला सहारा उनके लिए बड़ी राहत है।

### एंटी लारवा दवा का किया छिड़काव



स्वास्थ्य विभाग द्वारा जल भराव इलाकों में एंटी लारवा दवा का छिड़काव किया जा रहा हैं। वहीं डेंगू-मलेरिया की रोकथाम को लेकर नप द्वारा फॉगिंग कराई जा रही है। प्रभावित नागिरक भी प्रशासन द्वारा जारी एडवाइजरी के अनुसार सतर्कता बनाए रखें तथा किसी भी संभावित जोखिम से बचें।

### जलस्तर में निरंतर आ रही गिरावट

एसडीएम नसीब कुमार ने बताया कि मुंगेशपुर ड्रेन के साथ ही शहर के जलभराव प्रभावित क्षेत्रों में लगातार जलस्तर कम होता जा रहा है। नगर परिषद द्वारा छोटूराम नगर और परनाला क्षेत्रों में जलभराव की रोकथाम को लेकर मिट्टी के बैग लगाए जा रहे हैं।

# ट्रक व इको गाड़ी की टक्कर में पांच घायल



बहादुरगढ़। नागरिक अस्पताल में भर्ती घायल युवक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



- ट्रक में बैठा एक मजदूर व इको में सवार चार युवक घायल
- पीजीआई किए रेफर

झाड़ोदा निकट यूईआर-2 पर एक इक्को गाड़ी और ट्रक की टक्कर हो गई। हादसे में ट्रक में सवार एक मजदूर सहित इको गाड़ी में बैठे चार युवक घायल हो गए। घायलों को पीजीआई रोहतक रेफर किया गया है।

घटना रविवार सुबह की है। जानकारी के अनुसार, दिल्ली के निवासी मयंक, विकास, विक्की और मानू किसी काम के सिलसिले में कहीं जा रहा थे। जब ये झाड़ोदा के निकट यूईआर-2 पर पहुंचे तो अचानक इनकी गाड़ी अनियंत्रित हो गई और वहां खड़े एक ट्रक से टकरा गई। हादसे में चारों को चोट आई। वहीं, ट्रक में मौजूद मजदूर बैजनाथ का हाथ टूट गया। राहगीरों की मदद से इन्हें नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां से मंयक को छोड़कर भाई रेफर किए गए। घायल मयंक का कहना है कि उनकी गाड़ी के ब्रेक नहीं लगे, इसी कारण से हादसा हो गया।

### ग्वालिसन में बुजुर्ग महिला ने फंदा लगाया



कागजी करती पुलिस।

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव ग्वालिसन में एक बुजुर्ग महिला ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। अलसुबह परिजनों को जब पता चला तो उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर परिजनों से मामले की जानकारी लेते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। मृतका की पहचान चरखी दादरी जिले के बिगोवा गांव निवासी करीब अस्सी वर्षीया बुजुर्गा सावित्री पत्नी सूबे सिंह के तौर पर हुई है। मामले के जांच अधिकारी मंजीत कुमार ने बताया कि मृतका के पौत्र आशीष के बयान के आधार पर इत्तिफाकिया कार्रवाई अमल में लाई गई है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

# महिला फुटबॉल टीम के हेड कोच बने लोवा खुर्द के सुदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

कुश्ती के गढ़ माने जाने वाले झज्जर जिले के कुछ गांवों में फुटबॉल का भी काफी क्रेज है। कई बड़ी प्रतियोगिताओं में झज्जर जिले के खिलाड़ी व कोच अपनी भूमिका निभा रहे हैं।

इन दिनों हरिद्वार के हलद्वानी में चल रही 30वीं सीनियर महिला फुटबॉल नेशनल चैंपियनशिप में झज्जर जिले की बेहतरीन उपस्थिति दर्ज हुई है। नेशनल प्रतियोगिता खेलने गई टीम का हेड कोच लोवा खुर्द के सुदर्शन सिंह को बनाया गया है। जबकि नूना माजरा की मोनिका फिजियो के तौर पर टीम से जुड़ी है।



### नूना माजरा की बेटी श्वेता गोलकीपर

इसी तरह नूना माजरा की बेटी श्वेता टीम में बतौर गोलकीपर अपनी भूमिका निभा रही है। इस प्रतियोगिता में हरियाणा के सफर की शुरुआत रविवार से हो गई। टीम ने बेहतरीन खेल दिखाया।

# अवैध हथियार व कारतूस सहित युवक गिरफ्तार, रिमांड पर भेजा



**झज्जर।** सीआईए की एक टीम द्वारा अवैध हथियार और जिंदा कारतूस सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। सीआईए प्रभारी विवेक मलिक ने बताया कि मुख्य सिपाही निंरजन की टीम झज्जर ग्वालिसन मार्ग पर एक निजी स्कूल के नजदीक तैनात थी। इसी दौरान तलाव गांव की ओर से आता हुआ युवक पुलिस टीम को देखकर भागने की कोशिश करने लगा। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा युवक को पकड़ा गया। पकड़े गए युवक की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अवैध हथियार बरामद हुआ। जिसको चेक करने पर पिस्तौल की मैगजीन में छह जिंदा कारतूस बरामद हुए। पकड़े गए युवक की पहचान विशाल निवासी बिहरोड़ के तौर पर की गई है। आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी को पूछताछ के लिए दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

# सीनियर वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप में पदक से चूके जिले के पांचों पहलवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

क्रोएशिया के जागरेब में आयोजित सीनियर वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप में भारतीय पहलवानों का प्रदर्शन उम्मीदों के मुताबिक नहीं रहा। फ्रीस्टाइल में एक तरफ जहां ओलंपिक मेडलिस्ट अमन सहरावत ओवरवेट के चलते डिस्क्वालिफाई हो गए तो बाकी कई अन्य पहलवान भी अपने मुकाबले हार गए।

झज्जर जिले के पहलवानों को भी चैंपियनशिप में निराशा हाथ लगी है। जिले के पांच पहलवान फ्रीस्टाइल भारतीय टीम में शामिल थे। सभी अपने मुकाबले शुरुआती दौर में परास्त होकर बाहर हो गए। ओलंपिक मेडलिस्ट अमन सहरावत 57 केजी में भाग ले रहे थे। रविवार को जब वजन हुआ तो उन्हें डिस्क्वालिफाई किया गया। उनका वजन तय मापदंडों से अधिक था।

### पहलवानों की हार से कुश्ती प्रेमी निराश

वर्ल्ड चैंपियनशिप में उम्मीदों के मुताबिक प्रदर्शन न होने से कुश्ती प्रेमी निराश हैं। कुश्ती प्रेमियों का कहना है कि ये सभी पहलवान बेहद होनहार हैं। इनसे पदक की प्रबल उम्मीदें थी। लेकिन कोई बात नही, हमें आशा है कि आगामी टूर्नामेंट में ये बेहतर प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन करेंगे। वहीं, 74 केजी में रोहद के विकास बेल्जियम के पहलवान से हार गए। इसी तरह 92 केजी में दीपक पूनिया ने क्वालिफिकेशन राउंड में ऑस्ट्रिया के पहलवान को हराया, लेकिन अगले दौर में अजरबैजान के पहलवान से 4-3 के अंतर से हार गए। इससे पहले शनिवार को उदित 61 केजी और रजत रुहल 125 केजी अपने मुकाबले हार गए थे।

# मंडी में पहुंचा हजारों क्विंटल बाजरा, खरीद शुरू न होने से किसानों व आढ़तियों में रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

स्थानीय अनाजमंडी में बाजरे की आवक जोरों पर है। अनाजमंडी में करीब पन्द्रह हजार क्विंटल से अधिक बाजरा आ चुका है और सरकारी खरीद की घोषणा न किए जाने से किसानों व आढ़तियों में रोष है। आढ़ती एसोसिएशन के कार्यकारी प्रधान हरेंद्र सिलाना ने बताया कि बरसात समय से पहले होने के कारण किसानों ने बाजरे की फसल की बुआई कर दी जिस कारण अब वह तैयार भी जल्दी हो गई। सरकार को चाहिए कि जल्द से जल्द बाजरे की खरीद शुरू कराई जाए तो ताकि समय पर बाजरा उठान हो सके।

**15 हजार क्विंटल बाजरे की आवक :** आढ़तियों का कहना है कि किसानों के गेट पास ईनेम पर काटे जा रहे, जो पूरी तरह गलत

### फसल के रख-रखाव में परेशानी आएगी

जहां धान व बाजरा मिक्स होने का खतरा बढ़ेगा वहीं बरसात आने पर फसल के रख-रखाव में भी परेशानी आएगी। इसलिए सरकार को चाहिए कि वही शीघ्र ही फसल खरीद का कार्य शुरू कर किसानों को राहत प्रदान करें।



### आढ़ती बोले- धान की फसल तैयार होने वाली, परेशानी बढ़ जाएगी

वहीं आढ़ती विनोद पूनिया ने बताया कि मंडी में अभी तक हजारों क्विंटल बाजारे की आवक हो चुकी है। जिन किसानों की फसल ई-पोर्टल पर है वे अपनी फसल लाकर मंडी में डाल रहे हैं। आढ़तियों का कहना है कि किसानों के गेट पास ईनेम पर काटे जा रहे हैं जो गलत है। उनके गेट पास ई-खरीद पर काटे जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि अन्य मंडियों की अपेक्षा यह छोटी मंडी है। आगामी दिनों में धान की फसल भी तैयार हो जाएगी जिसके बाद किसानों व आढ़तियों को परेशानी आएगी।

# पुलिस ने दो दिन से लापता बच्चे को परिजनों से मिलवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

लाइनपार के छोटूराम नगर से लापता एक बालक को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है। बच्चा वापस मिला तो परिजनों की जान में जान आई। इसके लिए परिजनों ने पुलिस का धन्यवाद किया। दरअसल, शुक्रवार को छोटूराम नगर में रहने वाले एक परिवार का आठ वर्षीय बेटा रोहित संदिग्ध परिस्थितियें में लापता हो गया था। काफी तलाश के बाद भी नहीं मिला तो परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस ने केस दर्ज कर बालक की तलाश शुरू की।

### सीसीटीवी खंगाले

पीएसआई जितेंद्र कुमार की टीम ने छोटूराम नगर में कई सीसीटीवी खंगाले। इसके अलावा इंटरनेट मीडिया का सहारा लिया तथा कई बस्तियों में जाकर लोगों से पूछताछ की। इसी दौरान रविवार की सुबह छोटूराम नगर की ही एक गली से रोहित सकुशल बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद बच्चा उसकी मां के हवाले कर दिया। अपना बेटा पाकर महिला की भी जान में जान आई और उसने पुलिस को धन्यवाद किया। पीएसआई जितेंद्र ने कहा कि माता, पिता अपने बच्चों का ख्याल रखें। आम नागरिक भी जागरूकता दिखाएं। यदि कहीं कोई बच्चा घूमता मिले तो उसके परिजनों तक मिलाने में मदद करें।



बहादुरगढ़। बच्चे को उसकी मां के हवाले करती पुलिस।

### निर्माणधीन फैक्ट्री से लोहे का सरिया चोरी

**बहादुरगढ़।** सेक्टर-16 में स्थित एक फैक्ट्री के निर्माणधीन भवन में चोरी की वारदात हो गई। अज्ञात चोर यहां से भारी मात्रा में लोहे का सरिया चुरा ले गए। वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई है। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में नजफगढ़ के निवासी विजय ने कहा है कि उसने सेक्टर-16 में एक प्लॉट लिया है। इस प्लॉट में एल्युमिनियम बोतल का व्यवसाय शुरू करना है। इसके लिए भवन का निर्माण कराया जा रहा है। कुछ दिन पहले निर्माण कार्य के लिए 1200 किलो लोहे का सरिया लाकर रखा गया था। अभी हाल ही में ठेकेदार मनोज ने मेरे पास कॉल कर सूचना दी कि सरिया चोरी हो गया है। इसके बाद मैं साइट पर आया। सीसीटीवी फुटेज चेक की तो खुलासा हुआ। फैक्ट्री के बाहर एक ट्रक खड़ा हुआ। जिसमें दो युवक सरिया लोड करते नजर आए। रात एक से पौने एक बजे के बीच यह वारदात की गई। उधर, सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। सेक्टर-6 थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उन तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।



## मंदिर दो और मूर्ति एक

झज्जर जिले के बेरी कस्बा में दो मंदिर हैं और इनमें रखी जाने वाली माता भीमेश्वरी देवी की मूर्ति एक ही है। बताते हैं कि प्रारंभ में इस जगह पर घना जंगल था। इसमें ऋषि दुर्वासा रह रहे थे। ऋषि दुर्वासा रोजाना सुबह माता भीमेश्वरी देवी की मूर्ति को बाहरी मंदिर में लाते और दोपहर बाद मूर्ति को भीतरी मंदिर में रख देते थे। मूर्ति को आंतरिक मंदिर से बाहरी मंदिर तक ले जाने की यह प्रक्रिया अभी भी धार्मिक रूप से पालन की जा रही है।

हरिभूमि
रोहतक, सोमवार, 15 सितंबर 2025


# जहाज कोठी, जो बन गई इतिहास का आईना

*समुद्री जहाज जैसी आकृति के कारण इसे जहाज कोठी नाम मिला। आज यह क्षेत्रीय पुरातत्व संग्रहालय के रूप में संरक्षित है, जहां सिंधु-सरस्वती सभ्यता से लेकर मध्यकालीन मूर्तियों और स्थापत्य अवशेषों तक 193 दुर्लभ कलाकृतियां संरक्षित हैं।*



धरोहर

डॉ. प्रियंका सौरभ



*हिसार का फ़िरोज शाह पैलेस परिसर अपने आप में इतिहास का खज़ाना है। इसी परिसर में स्थित जहाज कोठी अपनी अनोखी बनावट और रोमांचक अतीत के कारण विशेष महत्व रखती है। 18वीं शताब्दी का यह जैन मंदिर बाद में विदेशी साहसी जॉर्ज थॉमस और कर्नल जेम्स स्किनर की रिहायश बना।*



हरियाणा के हिसार शहर का नाम सुनते ही सबसे पहले फ़िरोज़ शाह तुग़लक़ के महल, गुजरी महल, लोहारी गेट और बरसी गेट जैसे स्मारक सामने आते हैं। इन्हीं ऐतिहासिक इमारतों के बीच एक ऐसी कोठी भी खड़ी है, जिसका आकार समुद्र में तैरते जहाज़ जैसा प्रतीत होता है। यही है जहाज कोठी – जो कभी 18वीं शताब्दी का जैन मंदिर थी, फिर विदेशी साहसी जॉर्ज थॉमस और कर्नल जेम्स स्किनर की रिहायश बनी और आज क्षेत्रीय पुरातत्व संग्रहालय के रूप में संरक्षित है। यह स्मारक न केवल स्थापत्य की दृष्टि से अद्वितीय है, बल्कि भारत के उस दौर का भी गवाह है जब मराठा, सिख, अंग्रेज़ और स्थानीय शासक सत्ता के लिए संघर्षरत थे। जहाज कोठी का मूल स्वरूप एक जैन मंदिर था।

इतिहासकार मानते हैं कि 18वीं शताब्दी से पहले यहां जैन धर्मावलंबियों ने अपना मंदिर बनवाया था। समय के साथ यह इमारत वीरान होती गई और 18वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में इसे जॉर्ज थॉमस ने अपने निवास में बदल दिया। इमारत की डिज़ाइन इतनी अनोखी है कि देखने पर यह समुद्र में तैरते जहाज़ जैसी लगती है। इसी विशेषता के कारण स्थानीय लोगों ने इसे जहाज कोठी नाम दे दिया। जॉर्ज थॉमस का जीवन किसी उपन्यास से कम रोमांचक नहीं था। उनका जन्म 1756 में आयरलैंड के रोस्क्रिया क्षेत्र में हुआ। पिता गरीब किसान थे जिनका जल्दी निधन हो गया। बाल्यावस्था में उन्होंने डबलिन के गोदीघाट पर मजदूरी की। 1781 में वे ब्रिटिश नौसेना से जुड़कर भारत आए, लेकिन कुछ ही सालों में उन्होंने नौसेना छोड़ दी और एक भाड़े के सैनिक के रूप में उत्तर भारत की राजनीति में उतर आए। शुरुआत में वे पिंडारियों से जुड़े, फिर बेगम समरू की सेना में काम किया। वहां से हटाए जाने के बाद मराठा सरदार अप्पा राव के अधीन कार्य किया। धीरे-धीरे उन्होंने अपनी अलग शक्ति तैयार की और सिरसा से रोहतक तक फैले क्षेत्र पर अपना शासन स्थापित कर लिया। हांसी को उन्होंने अपनी राजधानी बनाया और यहां तक कि अपने सिक्के भी ढलवाए। 1796 में उन्होंने जहाज कोठी को अपनी रिहायश के लिए बनवाया और इसे अपनी महत्वाकांक्षा और शक्ति का प्रतीक बनाया। लेकिन उनका शासन अधिक समय तक नहीं चल सका। 1801 में मराठा-सिख-फ्रांसीसी गठबंधन ने उन्हें हराया और 1802 में गंगा नदी पार करते हुए उनकी मृत्यु हो गई। जॉर्ज थॉमस के बाद जहाज कोठी पर कर्नल जेम्स स्किनर का अधिकार हुआ। जेम्स स्किनर एंग्लो-इंडियन थे, जिनकी मां भारतीय और पिता स्कॉटिश अधिकारी थे। उन्हें "सिकंदर साहिब" के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने ब्रिटिश सेना के लिए दो घुड़सवार रेजिमेंट खड़ी कीं – जिन्हें आज भी स्किनर्स हॉर्स के नाम से भारतीय सेना में जाना जाता है। उन्होंने भी जहाज कोठी को अपने निवास के रूप में इस्तेमाल किया। उनके जीवन से जुड़ा एक रोचक तथ्य यह है कि दिल्ली में स्थित प्रसिद्ध सेंट जेम्स चर्च (जिसे स्किनर ने बनवाया था) उनकी आस्था और शक्ति का प्रतीक है। जहाज कोठी को देखकर ऐसा लगता है जैसे कोई विशाल समुद्री जहाज़ ज़मीन पर खड़ा हो। इसका निर्माण जली हुई ईंटों, चूने, रेत और सुर्खी से हुआ है। सुर्खी जली हुई ईंटों या मिट्टी को पीसकर बनाई जाती है, जो गारे को मजबूती और टिकाऊपन देती है। इसकी ऊंची बालकनी से जब लोग पानी और नक्शे को देखते तो ऐसा प्रतीत होता मानो जहाज़ में बैठे हों। यह इमारत फ़िरोज़ शाह महल परिसर के भीतर स्थित है और कभी ठंडी सड़क से सीधे यहां पहुंचा जाता था। आज भले ही शहरीकरण के कारण इसका दृश्य बाधित हो गया हो, लेकिन इसके स्थापत्य को देखकर आज भी उस दौर की इंजीनियरिंग और सौंदर्यबोध का अंदाज़ा लगाया जा सकता है। 2009 में हरियाणा सरकार ने इसे संरक्षित स्मारक घोषित किया और बाद में यहां क्षेत्रीय पुरातात्विक संग्रहालय स्थापित कर दिया गया। इस संग्रहालय में लगभग 193 कलाकृतियां सुरक्षित हैं। इनमें सिंधु-सरस्वती सभ्यता से जुड़ी वस्तुएं, राखीगढ़ी, कुणाल और बनावली से प्राप्त टेराकोटा आकृतियां, चित्रित मिट्टी के बर्तन और सींग वाले देवता की मूर्तियां प्रमुख हैं। जैन धर्म से जुड़ी कलाकृतियां और जॉर्ज थॉमस का अंग्रेज़ी और फ़ारसी में शिलालेख भी संग्रहालय का हिस्सा हैं। जहाज कोठी का महत्व केवल स्थापत्य या संग्रहालय तक सीमित नहीं है। यह स्थान उस दौर का गवाह है जब भारत की धरती पर सत्ता संघर्ष चरम पर था। मराठे, सिख, अंग्रेज़ और स्थानीय शासक अपने-अपने प्रभाव का विस्तार कर रहे थे और विदेशी साहसी भी यहां सत्ता स्थापित करने का प्रयास कर रहे थे। जहाज कोठी इस इतिहास की जीती-जागती निशानी है। आज यह स्मारक भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण और हरियाणा राज्य पुरातत्व विभाग की देखरेख में है। संरक्षण की दिशा में प्रयास जारी हैं, परंतु चुनौतियां भी कम नहीं हैं। आसपास के शहरीकरण और अनियोजित निर्माण के कारण इसका दृश्य बिगड़ गया है। यदि इसे सही तरीके से पर्यटन मानचित्र पर स्थान दिया जाए और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं तो यह हरियाणा ही नहीं, पूरे उत्तर भारत का प्रमुख आकर्षण बन सकता है।

जहाज कोठी केवल एक इमारत नहीं, बल्कि इतिहास, स्थापत्य और संस्कृति का जीवंत संगम है। यह हमें बताती है कि कैसे एक जैन मंदिर विदेशी साहसियों की रिहायश बना और आज संग्रहालय का रूप लेकर हमारे अतीत से जोड़ रहा है। इस स्मारक को देखकर हमें न केवल अपने इतिहास पर गर्व होता है बल्कि यह भी सीख मिलती है कि हर इमारत अपने भीतर एक युग की कहानी समेटे रहती है। जरूरत है तो बस उसे समझने और सहेजने की।



कविता

कृष्ण लाल गिरधर



### हर मानस नै मरणा हो सै

हर मानस नै मरणा हो सै, और धरती म्ह समावैगा।
गोद इसकी म्ह खेले खाए, आखर म्ह कित जावैगा?
राजा हो ,चाहे हो भिखारी, करती सब का माण है।
धरती जननीं सब की माता, य्हा म्हारी भगवान है।

देख्य सहनशील,य्हा कर्म की माता, अन्न धन की खान है।
बख्त उठ चुचकारै इसनै, खेता म्हं जा किसान है।
देख्य दयावान, दानी कहावै, करती सब का कल्याण है।
धरती जननीं सब की माता, य्हा म्हारी भगवान है।

धीरज धरम सिखावण आली, अपनी छाती नै चीरै सै।
तन,मन, धन सब देकै अपना, बिन मांगे य्हा जीवै सै।
देख्य कदै ना मरती, कदै ना डरती, य्हा हर जीव का प्राण है।
धरती जननीं सब की माता, य्हा म्हारी भगवान है।

कविता

डॉ. फूल कुमार राठी



### गुरुजन गौरव गान

गुरुजन हों सैं ज्योत ज्ञान की, इनके काज सुनहरे सैं।
वर्णमाला के सारे अक्षर, इनकी काहणी कहरे सैं ।।

'अ' तैं अटल रहवै लक्ष्य पै, 'आ' तैं आच्छया, आभावान।
'इ' तैं इतिहास रुखाळा, बड्डी 'ई' जितणा ईमान-2
'उ' तैं उत्तम और अनुपम, बड्डे 'ऊ' तैं ऊंचा स्थान।
'ऋ' तैं ऋजु, 'ए' तैं एकाग्र, 'ऐ' तैं ऐतबार की खान -2
'ओ' तैं ओजस्वी-सा चेहरा, 'औं' तैं औचित्य गहरे सैं।
वर्णमाला के सारे अक्षर, इसकी काहणी कहरे सैं।।

'क' तैं कर्मठ, कर्मशील यो, 'ख' तैं खुद्दारी का नाम।
'ग़' तैं गहणा मेरे वतन का, 'घ' तैं घटी-बधी पै ध्यान-2
'च' तैं चरित्रवान, चटक यो, सदा रहवै चर्चा की ज्यान।
'छ' तैं तणकै छत्र खड़्या यो, छात्र का बणकै अभिमान -2
'ज' तैं जनसेवक, जनप्रिय, 'झ' तैं झण्डे फ़हरे सैं।
वर्णमाला के सारे अक्षर, इसकी काहणी कहरे सैं।।

'ट' तैं टिक्का यो मस्तक का, 'ठ' तैं ठाठ-ठिठौली सै।
'ड' तैं डगर दिखावणियाँ यो, सबका दात्ता मेल्ली सै -2
'ढ' तैं ढाळ सुहेली-सी यो, किबै ढारा, किबै हेल्ली सै।
'त' तैं यो तक़दीर बणावै, 'थ' तैं थावस गेल्ली सै-2
'द' तैं दयालु, 'ध' तैं धर्मी, 'न' तैं नरोत्तम कहरे सैं।
वर्णमाला के सारे अक्षर, इसकी काहणी कहरे सैं'।।

'प' तैं प्रबुद्ध और पवित्र, 'फ़' तैं यो फ़ळदायी सै।
'ब' तैं बुद्धिमान घणा यो, हद तैं घणा सहाई सै-2
'भ' तैं भगत, भला माणस यो, और भाईयां का भाई सै।
'म' तैं मिलनसार, मितभाषी, 'य' तैं यथार्थ परछाई से -2
'र' तैं रक्षक यो मूल्यां का, 'ल' तैं लगनी कहरे सैं।
वर्णमाला के सारे अक्षर, इसकी काहणी कहरे सैं।।

'व' तैं यो विद्वान बताया, 'श' तैं शुभचिंतक क्षण का।
'ष' तैं यो षट्दर्श करावै, 'स' तैं संतोषी मन का -2
'ह' तैं हलीमी खींचणियाँ यो, और हिसाबी सै धन का।
हुनरबाज़, होशियार, हिमाती, हितकारी से जन-जन का।
'फूल सिंह' फेर इसकै ऊपर, इतणे तगड़े पहरे सैं।
वर्णमाला के सारे अक्षर, इसकी काहणी कहरे सैं।।

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

धार्मिक नगरी

**वर्ष 1794 में मराठों ने झज्जर-बेरी क्षेत्र को आयरलैंड वासी जॉर्ज थॉमस को जागीर के तौर पर प्रदान किया था**



# अंग्रेजों के साथ बेरी में भी हुआ था एक दिन का युद्ध

इतिहास

यशपाल गुलिया

प्रपाठय पुस्तकों मे बेरी-जहाजगढ़, रोहतक, खरखौदा आदि के युद्धों का उल्लेख नहीं किया गया, जबकि इन सभी उपरोक्त स्थानों पर रक्त रंजित युद्ध हुए हैं।

धार्मिक नगरी बेरी में भी एक दिन का भीषण युद्ध हुआ था। मुगल काल से ही बेरी-दुबलधन नाम से एक संयुक्त परगना कायम था तथा बेरी में एक छोटा किला भी मध्यकाल से ही बनाया गया था जिसको गढ़ी पुकारा जाता था। आईने अकबरी पुस्तक में बेरी की गढ़ी का वर्णन प्राप्त होता है। उसी गढ़ी में बेरी के जाटों ने इकट्ठे होकर झज्जर के तत्कालीन शासक जॉर्ज थॉमस को ललकारा था। वर्ष 1794 में मराठों ने झज्जर-बेरी क्षेत्र को एक आयरलैंड वासी जॉर्ज थॉमस को जागीर के तौर पर प्रदान किया था। जॉर्ज ने झज्जर में उपयुक्त सैनिक भर्ती करके जमींदारों से कड़ाई से लगान वसूलना आरम्भ कर दिया। इसका बेरी के किसानों ने न केवल विरोध किया बल्कि जॉर्ज से टकराने को भी तैयार हो गए। झज्जर में आए जॉर्ज को एक-दो वर्ष ही हुए थे कि उन्होंने शीघ्र ही तोपें, बन्दूक व काफी युद्ध सामग्री इकट्ठी कर ली। उधर, बेरी वासियों ने भी गढ़ी में आवश्यक तैयारी कर ली जिसके लिए उन्होंने बाहर से भी राजपूत युवक बुला लिए थे।

इंग्लिश की एक पुस्तक में बेरी के युद्ध का सम्पूर्ण विवरण दिया गया है। जैसा बेरी वासियों को अन्देशा था, जॉर्ज ने वर्ष 1795 के अन्त में बेरी पर आक्रमण कर दिया। तब पूरी तैयारी के साथ बेरी वासियों ने गढ़ी से बाहर निकलकर जॉर्ज के सैनिकों में कत्लेआम मचा डाला और भारी हानि के साथ जॉर्ज की सेना पीछे हटनी आरम्भ हो गई। लेकिन उसके एक घायल सैनिक को बेरी वालों ने जिन्दा ही आग में फेंक दिया। बेरी वालों ने अपनी रणनीति के तहत काफी मात्रा में सूखे कंटीले पेड़-पौधे काटकर पहले से ही आग लगाने की योजना बना रखी थी। तब हारकर पीछे लौटते हुए जॉर्ज के सैनिकों ने अपने सैनिक को जिन्दा आग मे फेंकता देखकर फिर से साहस जुटाने का निर्णय किया और एक बार फिर से युद्ध होने लगा। इस बार बेरी वासियों को हार का सामना करना पड़ा। बेरी वासी आस-पास के जंगल को कूच कर गए तथा कुछ गढ़ी में लौटने लगे। लेकिन इस बार जॉर्ज के सैनिकों ने बेरी की गढ़ी में प्रवेश करके वहां भी कत्लेआम कर डाला। बेरी के युद्ध के बाद जॉर्ज ने अपनी सैन्य क्षमता को काफी बढ़ा लिया तथा झज्जर के पश्चिम में वर्ष 1796 में एक नया किला भी बना लिया। इसको जॉर्जगढ़ के नाम से पुकारा जाता था। उस किले के बाहर बस्ती बढ़ती गई और कुछ वर्षों बाद जहाजगढ़ नामक नया गांव ही आबाद हो गया।

बेरी के बाद अगले वर्ष जॉर्ज ने काहनौर वासियों से भी एक दिन का युद्ध लड़ा था। जॉर्ज थॉमस ने भी वर्ष 1797 में अपना मुख्यालय झज्जर की अपेक्षा हांसी के प्राचीन किले में स्थापित कर लिया। वहीं पर उसको वर्ष 1801 में मराठा सेना के सामने आत्म समपर्ण करना पड़ा था।



झज्जर जिले के कस्बा बेरी में स्थित माता भीमेश्वरी देवी मंदिर लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बना हुआ है।

> बेरी के युद्ध के बाद जॉर्ज ने अपनी सैन्य क्षमता को काफी बढ़ा लिया तथा झज्जर के पश्चिम में वर्ष 1796 में एक नया किला भी बना लिया। इसको जॉर्जगढ़ के नाम से पुकारा जाता था। उस किले के बाहर बस्ती बढ़ती गई और कुछ वर्षों बाद जहाजगढ़ नामक नया गांव ही आबाद हो गया।

# फिर लौटेगा हरियाणवी फिल्मों का सुनहरा दौर : गीतू परी

कलाकार


डॉ. तबस्सुम जहां

हरियाणवी सिनेमा जगत की मशहूर एक्ट्रेस और प्रॉड्यूसर गीतू परी अपने आने वाले प्रोजेक्ट 'सांगी' को लेकर आजकल काफ़ी चर्चा में हैं। गीतू परी ने वीडियो सॉन्ग बखत, जुगनी, फकीरा और हरियाणवी स्टेज ऐप की फिल्म '12वीं आला प्यार', चौधर-पार्ट 1 और 2, अखाड़ा 2, वनवास, बूढ़ी काकी, अहंकार के अलावा हरियाणवी चौपाल ऐप पर फिल्म 'कच्छे धारी' आदि फिल्मों में अभिनय के जौहर दिखाए हैं।



अभिनेत्री एवं निर्मात्री गीतू परी का जन्म हरियाणा के जिला गोहाना में कोहला गांव में पिता चतर सिंह और माता मायावती के घर में हुआ। जब वह 5 साल की थीं तब इनका परिवार जींद में रहने लगा। इनकी शुरुआती पढ़ाई जींद से ही हुई। जब ये आठवीं क्लास में थी, तब अभिनय में रुचि पैदा हुई और इन्होंने स्कूल में ही नाटकों में हिस्सा लेना शुरू कर दिया। दसवीं क्लास तक आते-आते इनकी शादी हो गई। शादी के बाद गीतू परी गृहस्थी में उलझ कर रह गईं पर एक्टिंग से दूर होने का दुःख उन्हें लगातार सालता रहा। ससुराल में उन्होंने विपरीत परिस्थितियों से जूझते हुए दिल्ली में 'आर्ट एंड क्राफ्ट' में टीचर की जॉब की। बाद में जॉब छोड़कर एक फैशन शो में हिस्सा लिया। शो के दौरान ही उन्हें एक फिल्म में एक्टिंग करने का ऑफर आया जिसमें एक मां का कैरेक्टर था। इसके लिए उन्हें अपने परिवार की स्वीकृति मिल गई और इस प्रकार 2017 में पहली बार गीतू परी फिल्म 'अनकही' में कैमरे से रुबरु हुईं। उसके बाद से वह अनवरत बड़े प्रोजेक्ट्स में काम कर रही हैं और अभिनय के क्षेत्र में निरंतर सफलता की ऊंचाइयों को छू रही हैं। गीतू परी ने अपने परिवार, कला और अभिनय से सम्बंधित अनेक पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। फिल्मों में आने के लिए उनका सबसे पहला संघर्ष उनके अपने परिवार से था। पहले तो उनके मायके पक्ष या ससुराल पक्ष ने उनको सपोर्ट ही नहीं किया था। गीतू परी बताती हैं कि 'मेरे अंदर कहीं ना कहीं एक जज्बा था कि मुझे एक्टिंग लाइन में काम करना है, बच्चे बड़े होने के बाद अपने हस्बैंड के सपोर्ट से मैंने फिर से एक्टिंग लाइन में कदम रखा।' गीतू परी अभिनय के साथ फिल्म निर्माण से भी जुड़ी रही हैं। उन्होंने बताया कि हरियाणा के लोगों ने और हरियाणवी इंडस्ट्री ने मुझे इतना प्यार और सहयोग दिया है। हरियाणा में सिनेमा को लेकर बहुत अच्छा काम हो रहा है। मैंने कई फिल्में लिख रखी हैं, उन सब फिल्मों को पर्दे पर उतारने की मेरी पूरी पूरी कोशिश रहेगी। हरियाणवी सिनेमा की स्थिति के बारे में पूछने पर गीतू परी कहती हैं कि फिल्म 'चंद्रावल' ने अपने समय में एक मुकाम हासिल किया था और उसके काफी टाइम बाद राजीव भाटिया की फिल्म 'पगड़ी' से एक उम्मीद जागी और फिर संदीप शर्मा की फिल्म सतरंगी और यशपाल शर्मा निर्देशित 'दादा लखमी' ने वही फिल्म चंद्रावल जैसा माहौल थियेटर में बना दिया।





### फिल्म 'दादा लख्मी' से मिली पहचान

बॉलीवुड अभिनेता यशपाल शर्मा के निर्देशन में बनी हरियाणवी फीचर फिल्म 'दादा लख्मी' गीतू परी के लिए मील का पत्थर साबित हुई। इस फिल्म को राष्ट्रीय अवार्ड समेत सैकड़ों देशी-विदेशी अवार्ड मिले हैं। इस फिल्म से गीतू परी को भी ब्रेक मिला। अपने आने वाले प्रोजेक्ट 'सांगी' के विषय में गीतू परी ने बताया कि हरियाणवी स्टेज पर उनकी आने वाली फिल्म 'सांगी' हरियाणवी संस्कृति को दर्शाती है। इस फिल्म से उन्हें काफी उम्मीदें हैं। वे बताती हैं कि यह एक जूनूनी बच्चे की स्टोरी है। इसमें बहुत सारे नए और पुराने कलाकारों ने काम किया है। इस फिल्म में 12 गाने हरियाणा के लोगों को देखने और सुनने को मिलेंगे। यह कहानी अपने आप में पूरे हरियाणा को समेटे हुए होगी। वह करीब दो साल से इस स्टोरी पर काम कर रही थी। इसके डायरेक्टर रविंद्र बजवान अन्ना हैं जिन्होंने फिल्म को बहुत अच्छे से डायरेक्ट किया है। गीतू के आगामी प्रोजेक्ट में बाबा जी की कुटिया, छन्नू ताई ,खजनी शेरगढ़ वाली, आदि कई वीडियो गीत और शार्ट फिल्में हैं। फिलहाल इन पर काम चल रहा है। वर्तमान में ओटीटी प्लेटफार्म आने से थियेटर वालों के लिए चिंता बढ़ी है, ऐसी स्थिति में गीतू परी को नहीं लगता है कि ओटीटी आने से थियेटर पर कोई असर पड़ेगा क्योंकि थिएटर पर ढाई से 3 घंटे की फिल्म देखी जाती है और ओटीटी पर शॉर्ट फिल्म, वेब सीरीज, आदि ने अपनी जगह बनाई हुई है। ओटीटी के आने के बाद भी लोग थियेटर में जाकर फिल्म देखना पसंद करते हैं।

## खबर संक्षेप

### 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनेगा सेवा पखवाड़ा

**बहादुरगढ़।** भाजपा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितम्बर से महात्मा गांधी जयंती 2 अक्तूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा। इस क्रम में रविवार को रेस्ट हाउस में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा पखवाड़े के जिला संयोजक दिनेश कौशिक ने की। जबकि संचालन जिला सह संयोजक ऋषि भारद्वाज ने किया। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष राजपाल जांगड़ा, जिला उपाध्यक्ष जयकिशन छिल्लर व नरेश भारद्वाज आदि उपस्थित रहे।

### सड़क हादसे के आरोपी चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना खोल पुलिस ने सड़क हादसों के बाद फरार दो वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 17 अगस्त को हुए हादसे में महेंद्रगढ़ के भड़फ निवासी ओमप्रकाश को गिरफ्तार किया है। इस हादसे में एक व्यक्ति घायल हो गया था। चालक मौके से फरार होने में कामयाब हो गया था। पुलिस ने 18 अगस्त को दर्ज मामले में महेंद्रगढ़ के खरखड़ा बास निवासी मुकेश को गिरफ्तार किसा है। बाद में दोनों आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### आगामी 22 सिंतबर से होगा रामलीला मंचन, लगातार चल रही तैयारी

# अपने किरदारों में जान डालने के लिए नियमित रिहर्सल में जुटे रामलीला के कलाकार

- प्राचीन रामलीला मैदान में चल रहा रंगाई-पुताई का कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

आगामी 22 सिंतबर से नवरात्रों के दौरान शहर में रामलीला मंचन शुरू हो जाएगा। शहर में तीन रामलीलाओं का आयोजन किया जाता है। दो रात्रि रामलीलाएं हैं जिनका नियमित आयोजन पिछले कई वर्षों से किया जा रहा है। जबकि दिन में होने वाली प्राचीन रामलीला करीब साढ़े तीन सौ वर्षों से चली आ रही है। शारदीय नवरात्रों से शुरू होने वाले रामलीला मंचन के लिए रामलीला कमेटी के कलाकारों द्वारा मंचन की तैयारियां शुरू कर दी हैं। आजकल दोपहर बाद जहां शहर के गली-मोहल्लों में रामलीला कमेटी सदस्य आयोजन के लिए लोगों से दान राशि एकत्रित करने में जुटे हुए हैं वहीं सांय ढलने के बाद वे अपने किरदार की रिहर्सल करना भी नहीं भूलते। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जीवन पर आधारित रामलीला को बेहतर तरीके से मंचित करने के लिए कलाकार पूरी निष्ठा व मेहनत के साथ तैयारी कर रहे हैं। सभी कलाकारों को रोल बांटे जा चुके हैं। रामलीला के सफलता पूर्वक मंचन के लिए कलाकारों को संवाद, मंचन के दौरान आने वाले गीतों, दोहों, बहरत, राधेश्याम आदि की रिहर्सल कराई जा रही है।




झज्जर। श्री प्राचीन रामलीला मैदान में चल रहा रंगाई-पुताई कार्य तथा तैयार किया गया प्राचीन रथ, अपने पात्रों की रिहर्सल करते हुए श्रीलवकुश रामलीला के कलाकार।



बहादुरगढ़। बैठक में रामलीला को लेकर चर्चा करते समिति सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### वृंदावन से पहुंचेंगे कलाकार

शहर में दिन के समय की जाने वाली श्री प्राचीन रामलीला कमेटी के प्रधान अंकुश दूहण व वरिष्ठ उपाध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक ने बताया कि उनके यहां रामलीला मंचन के लिए वृंदावन धाम के राधे-राधे बोल सरस्वती रासलीला एवं रामलीला मंडल के कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन किया जाएगा। रामलीला आयोजन की सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। प्राचीन रथ को रंग-पेंट कराकर सजाया गया है तथा रामलीला परिसर में साफ-सफाई व रंगाई-पुताई का कार्य किया जा रहा है।

### आषर्कण का केंद्र रहेगी बाहुबली रावण की झांकी

प्राचीन रामलीला कमेटी प्रधान अंकुश दूहण ने बताया कि प्राचीन रामलीला में रामलीला मंचन के अलावा शहर में झांकियां भी निकाली जाती है। रामलीला की शुरूआत में जहां 22 सितंबर को रामजन्म की झांकी निकाली जाएगी वहीं 24 को श्रीराम-बारात, दो अक्टूबर को दशहरा पर्व, तीन अक्टूबर को भरत मिलाप की झांकी निकाली जाएगी। इसके बाद चार अक्टूबर को प्रभु श्रीराम का राज्यभिषक किया जाएगा जिस कार्यक्रम का आयोजन बाबा प्रसादगिरी मंदिर में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अबकी बार दशहरा पर्व की झांकी में बाहुबली रावण की झांकी मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगी।

### रामलीला के आयोजन को लेकर की चर्चा

**बहादुरगढ़।** परनाला गांव में श्री हरि सेवा समिति के कार्यालय में श्री रामलीला के आयोजन समिति की बैठक हुई। बैठक में बताया गया कि पुराना कोर्ट प्रांगण में रामलीला करने के लिए प्रशासन से स्वीकृति ली गई है। बैठक में दस दिनों तक कार्यक्रम के संचालन पर चर्चा हुई। बैठक में प्रवीण, प्रदीप सिन्हा, मनोज दुहन, नीरू, अश्वनी शर्मा, नागेंद्र लाकड़ा, शिवचरण, दीपक सैनी, वीरेंद्र राठी व दिनेश खोखर आदि मौजूद रहे।

श्रीलवकुश रामलीला कमेटी के प्रधान महावीर सैनी व श्रीविकास रामलीला क्लब के प्रधान सुरेंद्र कोडान ने बताया कि प्रथम नवरात्र पर रामलीला की शुरूआत विधिवत रूप से की जाएगी। शुभारंभ से पूर्व स्टेज पर यज्ञ-हवन का आयोजन कर शस्त्र पूजा की जाएगी तथा आरती के बाद मंचन किया जाएगा।

## इनेलो ने किया जिले की कार्यकारिणी का विस्तार

- पार्टी की कल्याणकारी नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे का आह्वान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

इनेलो पार्टी के जिलाध्यक्ष सतपाल पहलवान ने जिले की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए नव नियुक्ति पदाधिकारियों को कार्यभर सौंपा है। उन्होंने बताया कि इनेलो सुप्रीमो अभय सिंह चौटाला, प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा, शीला नफे सिंह राठी आदि शीर्ष नेतृत्व से विचार-विमर्श के बाद विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। नई कार्यकारिणी में राजबीर परनाला को वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष बनाया है ओमपाल गुर्जर, राजेंद्र मलिक, धर्मबीर जाखड़, संजय सुहाग, दिनेश दलाल, नरेंद्र राठी, रामकिशन, जयसिंह, अभिमन्यु राजपूत व भल्ले को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इनके अलावा रामकिशन, बिजेंद्र शर्मा, सतीश नंबरदार, ओमप्रकाश सुहाग, अनिल कुमार, पूर्व सरपंच रामबीर, दलबीर दलाल, झांसवा के पूर्व सरपंच राजसिंह, बिजेंद्र दलाल और खैरेती लाल अरोड़ा को प्रधान महासचिव पद की जिम्मेवारी सौंपी है पूर्व ब्लॉक समिति चेयरमैन सतबीर यादव, फूल सिंह नंबरदार, अंकित, रणसिंह काहड़ी, कर्मबीर, सतीश मल्हान, बलबीर सांगवान, धर्मबीर व हंसराज राठी संगठन सचिव तथा इंद्र सिंह, पूर्व सरपंच रामवीर, सतपाल बैरागी, राजेंद्र, सुंदर, कर्मबीर, हरीश, राजसिंह व रमेश को सह सचिव बनाया गया है। कार्यालय सचिव पवन धनखड़ को कोषाध्यक्ष तथा योगेश सैनी को प्रेस प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेवारी उन्हें सौंपी है वे उसे पूरी ईमानदारी व निष्ठा से निभाएंगे तथा पार्टी की कल्याणकारी नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे।

## मनुष्य की वाणी में है पराए को अपना बनाने की ताकत : स्वामी उमानंद

- स्वामी उमानंद ने कहा कि व्यवहार ही व्यक्ति का प्रथम परिचय होता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर



झज्जर। बाबा कांशीगिरी मंदिर में श्रीराम कथा का वाचन करते हुए स्वामी उमानंद। फोटो :हरिभूमि

वाणी और व्यवहार से ही व्यक्ति की पहचान होती है। मधुर वाणी से बड़ा कोई वशीकरण हो नहीं सकता है। वाणी में ताकत है पराए को भी अपना बना ले और वाणी का दोष है कि अपनों को भी पराया बना दे। संयमित वाणी ही संबंधों में मजबूती लाती है। बाबा कांशीगिरी मंदिर में श्रीराम कथा के दूसरे दिन कथाव्यास स्वामी उमानंद ने कहा कि मुंह से निकले हुए शब्द वापिस नहीं आते हैं। असमय , निरर्थक और कटु बोलने से वाणी का प्रभाव कम हो जाता है। भगवान श्रीराम किसी बात को केवल एक ही बार बोलते हैं, दोबारा नहीं। स्वामी उमानंद ने कहा कि व्यवहार ही व्यक्ति का प्रथम परिचय होता है। कोई व्यक्ति अपने से छोटों के साथ कैसा व्यवहार करता है यही उसका चरित्र दिखाता है।

### गुरु का बताया महत्व

स्वामी उमानंद ने कहा कि श्री रामचरितमानस में गुरु की महिमा विस्तार से कही गई है। जीवन में गुरु का होना आवश्यक है। गुरु से ही जीवन शुरू होता है। व्यावहारिक जगत में भी गुरु के बिना ज्ञान नहीं होता है। गुरु के वचनों पर विश्वास करना ही गुरु की सच्ची पूजा है। गुरु ज्ञान को प्रकट करता है इसलिए उसे ब्रह्मा कहा गया है। गुरु अपने शिष्य की संभाल करता है इसलिए उसे विष्णु कहा गया है और गुरु अपने शिष्य के दोषों का संहार करता है इसलिए उसे शिव कहा गया है। गुरु बिना ना गति है ना मति है। श्री राम कथा का दूसरा दिन ब्रह्मलीन महात्मा अतुल परमानंद को जी समर्पित था। इस अवसर पर महात्मा अतुल की संगत अनेक शहरों से राम कथा में शामिल हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री परमहंस अद्वैत मत से महात्मा ब्रह्मसहजानंद ने की। इस दौरान समिति के प्रधान नरेंद्र मदान, संरक्षक वीके नरूला, वेद बहल पाशु, गौतम आर्य, आशीष चावला, सुधांशु हंस, भारत भूषण, शंकर ग्रोवर, योगेश रंजन, मनीष मेहता, रिंकू नंदा सहित अन्य भी मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी



बहादुरगढ़। डॉ. विजय को बधाई देते पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह जून व अन्य।

### पूर्व विधायक से मिले एससी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष

**बहादुरगढ़।** कांग्रेस एससी प्रकोष्ठ के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष डॉ. विजय ने रविवार को पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह जून से उनके कार्यालय पर मुलाकात की। डॉ विजय ने कहा कि वे झज्जर जिले में कांग्रेस पार्टी को एससी समाज से जोड़ने तथा पार्टी की विचारधारा को घर-घर पहुंचाएंगे। पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह जून ने डॉ विजय को कांग्रेस एससी प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष नियुक्त होने पर बधाई दी। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन आजाद राठी, पूर्व चेयरमैन तेजवीर दलाल, सुरेन्द्र जून, रामबीर प्रधान, प्रदीप गोच्छी, समुंदर दलाल, प्रदीप जून, वेदपाल दलाल, रामकुमार जून, मुख्तयारे, संजय पहलवान, कर्मवीर राव, लालसिंह चौहान, प्रकाश पहलवान, नित्यानंद झा, मंजीत दहिया, अमन आदि मौजूद रहे।

### श्याम बाबा के जागरण में झूमे श्रद्धालु



बहादुरगढ़। लाइनपार में श्याम बाबा के जागरण में उपस्थित श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

**बहादुरगढ़।** लाइनपार स्थित प्राचीन श्री श्याम गुणगान मंडल द्वारा आरके फॉर्म में तीसरे श्री श्याम भजनामृत महोत्सव का आयोजन किया गया। देर रात तक चले महोत्सव में असंख्य श्रद्धालु श्याम बाबा की भक्ति में झूमते नजर आए। वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ पंकज जैन ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। महोत्सव में चुलकाना खाटू श्याम धाम के देवेंद्र पुजारी, खाटू श्याम रोहद धाम के विष्णु पांडे, गन्नौर से सतपाल महाराज और गणेश जी महाराज आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे। डॉ पंकज ने खाटू वाले श्याम बाबा की पूजा-अर्चना की। उन्होंने श्याम बाबा से समाज की खुशहाली की कामना भी की। आयोजकों ने पटका पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया। महोत्सव में संजय राजस्थानी, धर्मेश दर्शन, डिम्पी राम, सुमन, श्रेया कौशिक ने श्याम बाबा के भजन गाए। देर रात तक भक्तजन झूमते-नाचते हुए भक्ति रस में डूब गए।

### एकजुट होकर कार्य करें कार्यकर्ता

**झज्जर।** पिछले दिनों जलभराव क्षेत्रों के दौरे के दौरान एक बुजुर्ग द्वारा दुष्यन्त चौटाला का विरोध किए जाने के मामले में पार्टी की महिला विंग की प्रदेशाध्यक्ष रजनी दहिया का एक बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने कहा है कि दरअसल यह विरोध एक सुनियोजित साजिश का हिस्सा था और यह कहना कतई गलत न होगा कि विरोध करने वाले बुजुर्ग को बहला फुसला कर भेजा गया था। रजनी दहिया रविवार को जेजेपी कार्यालय में महिला विंग के कार्यक्रम को संबोधित करने आई थी। इस दौरान उन्होंने महिला कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती के लिए काम करने और पार्टी की नीतियां जन-जन तक पहुंचाने की बात कही। उन्होंने कहा कि बतौर डिप्टी सीएम दुष्यन्त चौटाला ने हरियाणा के हित में अनेक काम किए। इस दौरान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राकेश जाखड़, जिलाध्यक्ष संजय दलाल, जिला प्रभारी कर्नल एसएस राठी, महिला विंग की जिलाध्यक्ष शीला गोदारा, जिला प्रेस प्रवक्ता विकास पाराशर,उपेन्द्र कादयान,धर्मेन्द्र गुलिया, मिंटू ठेकेदार,नसीब भारतीय, मुकेश देवी, कमलेश देवी, सुनीता भी उपस्थित रही।

### कलमकारों ने हिंदी को बताया जन-जन की भाषा



बहादुरगढ़। अनुराधा वर्मा को सम्मानित करते स्थानीय रचनाकार। फोटो :हरिभूमि

**बहादुरगढ़।** क्षेत्र की विभिन्न साहित्यिक संस्थाओं से जुड़े कलमवीरों द्वारा लंबे समय से गोवा में रह रही बहादुरगढ़ की कवियत्री अनुराधा वर्मा के सम्मान में काव्योत्सव का आयोजन किया गया। निराला काव्य मंच के संयोजक जगबीर कौशिक द्वारा हिंदी दिवस पर यह कार्यक्रम किया गया। उपस्थित कवियों ने मुख्य अतिथि अनुराधा वर्मा को दिवंगत कवि सतपाल स्नेही का काव्य संग्रह, शॉल व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। अखिल भारतीय साहित्य परिषद के जिलाध्यक्ष विरेंद्र कौशिक के सानिध्य में हुए इस कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तराखंड के कवि वेद भारती की सरस्वती वंदना से हुआ। उन्होंने सुनाया कि एकता का सूत्र हिन्दी, भारती का इत्र हिन्दी। देश से है प्यार जिसको, उसकी सच्ची मित्र हिन्दी। कार्यक्रम का संचालन कर रहे कवि कृष्ण गोपाल विद्यार्थी ने सुनाया कि हिन्दी जन-जन की भाषा है, हम भारतीयों की आशा है। यह बने सकल जग की वाणी, हम सबकी यह अभिलाषा है। युवा कवि मोहित कौशिक ने श्रंगार रस की रचनाओं से मंत्रमुग्ध किया। विरेन्द्र कौशिक ने हास्य रस की छटा बिखरने के बाद भ्रूण हत्या के कलंक को मिटाने का आह्वान किया। अनुराधा वर्मा, डॉ. मनजीत भारतीय व अर्चना झा ने नारी के प्रति दोहरे मापदंड अपनाने वाले समाज पर कठोर टिप्पणियां की। जगबीर कौशिक ने पतियों पर व्यंग्य करती सहेलियों पर आधारित हरियाणवी गीत सुनाकर सबको लोटपोट किया। अनिल भारतीय के गीतों और मुकेश व्यास के शब्द चित्रों ने भी खूब तालियां बटोरी।

### डेंगू व मलेरिया से बचाव को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट : सीएमओ

**झज्जर।** पिछले दिनों हुई बरसात से हुए जलभराव के बाद जिले में डेंगू एवं मलेरिया फैलने की आशंका बढ़ गई है। इसलिए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड पर काम कर रहा है। सीएमओ डॉक्टर जयमाला ने कहा कि जिले में कुछ हॉट स्पॉट एरिया को चिन्हित किया गया है। क्षेत्र के गांव दूबलधन, कलबाना व बहादुरगढ़ के छोटूराम नगर को डेंगू एवं मलेरिया के हॉट स्पॉट क्षेत्र के रूप में पहचाना गया है। जिले में अब तक 20 मलेरिया और 19 डेंगू के मरीज पाए गए हैं। सभी मरीजों का उपचार किया जा चुका है और अब वे पूरी तरह स्वस्थ हैं। उन्होंने बताया कि मलेरिया की जांच की सुविधा प्रत्येक सरकारी अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध है। डेंगू की पक्की एवं निशुल्क जांच की सुविधा सरकारी अस्पताल झज्जर और बहादुरगढ़ में उपलब्ध है। इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग की 183 टीमों ने अब तक 1575742 घरों में विजिट की है, जिनमें से 15,828 घरों में लार्वा पाया गया। इनमें से 14,277 घरों को नोटिस जारी किए जा चुके हैं। लार्वा मिलने वाली जगहों पर हेलोजन टेबलेट डाली जा रही है और केमिकल का छिड़काव भी किया जा रहा है। इसके साथ ही पंचायती राज संस्थाओं और नगर परिषद द्वारा गांवों और शहरों में लगातार फॉगिंग करवाई जा रही है ताकि डेंगू व मलेरिया के मच्छरों पर नियंत्रण पाया जा सके। उन्होंने आमजन से अपील की है कि घरों में पानी एकत्रित न होने दें, कूलर, गमले और टंकियों की नियमित सफाई करें तथा मच्छर से बचाव के उपायों को अपनाकर स्वयं और परिवार को सुरक्षित रखें।



डॉक्टर जयमाला, सीएमओ, झज्जर



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान अपनी प्रस्तुति देते हुए छात्रा। फोटो :हरिभूमि

### हमारी जड़ों व परंपराओं को संभाले हुए है हिंदी भाषा

**झज्जर।** संस्कारम इंटरनेशनल स्कूल पाटौदा में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में भाषण, कविता पाठ और निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यालय की प्राचार्य श्वेता कौशिक ने कहा कि हमें हिंदी पर गर्व करना चाहिए। यह भाषा हमारी जड़ों और परंपराओं को संभाले हुए है। विद्यार्थियों को हिंदी के साथ-साथ अन्य भाषाओं का भी ज्ञान होना चाहिए, लेकिन हिंदी को कभी कमतर नहीं आंकना चाहिए। विद्यालय के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल यादव ने कहा कि हिंदी हमारी आत्मा है। जब तक हम अपनी मातृभाषा का सम्मान करेंगे, तभी हम सच्चे भारतीय कहलाएंगे। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे हिंदी का प्रयोग दैनिक जीवन में अधिक से अधिक करें और इसकी गरिमा को बनाए रखें। हिंदी दिवस प्रतिवर्ष 14 सितंबर को मनाया जाता है, क्योंकि इसी दिन 1949 में संविधान सभा ने हिंदी को भारत की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। इस दिवस का उद्देश्य हमें यह याद दिलाना है कि आधुनिक युग में चाहे हम कितनी भी विदेशी भाषाएं सीख लें, परंतु हमारी असली पहचान मातृभाषा हिंदी से ही है।

### एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास में चल रहा दो दिवसीय कैपसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम रविवार को संपन्न

# शिक्षकों को करवाया समावेशी शिक्षा के विभिन्न पहलुओं से अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास में चल रहा दो दिवसीय कैपसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम रविवार को संपन्न हो गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में साठ शिक्षकों ने भाग लिया। प्राचार्य सतबीर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में मंच संचालन रिसोर्स पर्सन नीलम कुमारी ने किया। जिला प्रशिक्षक समन्वयक डॉक्टर किरण दलाल और मनौवेज्ञानिक परामर्श दाता निकिता यादव ने प्रशिक्षणार्थी शिक्षकों को सरल भाषा में समावेशी शिक्षा विषय पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने समावेशी शिक्षा के प्रत्येक पहलू को गहराई से समझाते हुए अनेक उदाहरण व गतिविधियों का समावेश कर कार्यशाला को रोचक व मनोरंजक बनाए रखा। एचडी ग्रुप के डायरेक्टर रमेश गुलिया ने बताया कि समावेशी शिक्षा सभी बच्चों को उनकी शारीरिक, मानसिक या सामाजिक परिस्थितियों की परवाह किए बिना, एक साथ सीखने और आगे बढ़ने का अवसर देती है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति विशिष्ट व सामान्य विद्यार्थी को एक समान शिक्षा प्रणाली मुहैया कराने पर जोर देती है इसके अनुसार सबको एक साथ लेकर आगे बढ़ना है। कार्यक्रम में जीव विज्ञान प्राध्यापिका सोनम सोलंकी ने भी संबोधित किया।



झज्जर। कैपसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम में उपस्थित शिक्षक एवं प्रशिक्षक। फोटो :हरिभूमि

### वैल्यू एजुकेशन ट्रेनिंग प्रोग्राम में शिक्षकों को दिया प्रशिक्षण



झज्जर। प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित शिक्षक एवं प्रशिक्षक। फोटो :हरिभूमि

**झज्जर।** पेस संस्थान में सीबीएसई द्वारा वैल्यू एजुकेशन ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सीबीएसई की ओर से डॉक्टर शमी ठाकुर और सरिता ने शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में विभिन्न शैक्षिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें 10 विद्यालयों के करीब 70 शिक्षकों ने भाग लिया। पेस समूह के निदेशक जय विकास ने प्रतिभागियों का आभार जताते हुए शिक्षकों और विद्यार्थियों के रिसाइटेशन को बेहतर बनाने, शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों की जीवन प्रेरणा को बढ़ाने और आज के प्रतियोगी युग में बच्चों को समझाने के उपायों पर चर्चा की। इस मौके पर पेस समूह के अध्यक्ष युद्धवीर, प्रबंध निदेशक संदीप, हरीश, अश्वनी सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

### कई कार्यक्रमों में शामिल हुए विधायक

**बहादुरगढ़।** विधायक राजेश जून ने रविवार को हलके में आयोजित कई सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रमों में शिरकत की। उन्होंने गांव सांखोल स्थित संत निरंकारी भवन में आयोजित विशाल रक्तदान शिविर का रिबन काटकर शुभारंभ किया। इसके उपरांत दी पब्लिक कैरियर ट्रक यूनियन द्वारा शिव मंदिर पर आयोजित 44वें विशाल भंडारा कार्यक्रम में शिरकत की। भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने के साथ ही 11 हजार रुपए का सहयोग किया। इसके बाद शहर की अनाज मंडी में श्रीमद् भागवत सेवा समिति द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा एवं सत्संग समारोह का उद्घाटन किया।

### फसल क्षति का दावा दर्ज करने की अंतिम तिथि आज

**झज्जर।** जिले के जलभराव से प्रभावित गांवों के किसानों को फसल क्षति का दावा दर्ज करने के लिए सोमवार अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि किसानों को अपनी फसल खराबे की जानकारी पोर्टल पर अपलोड करनी है। ऐसे में सरकार द्वारा ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल जिला के किसानों के लिए 15 सितंबर तक खोला गया है। उन्होंने कहा कि राजस्व अधिकारियों द्वारा ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर प्राप्त दावों का विशेष गिरदावरी के रूप में सत्यापन किया जा रहा है और आंकलन के आधार पर निर्धारित मानकों के अनुसार मुआवजा जारी किया जाएगा।

### ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने कहा कि हरियाणा सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर बढ़ रही प्रतिस्पर्धा को ध्यान में रखते हुए अनुसूचित जाति, घुमंतू, अर्ध घुमंतू, टपरीवास, पिछड़े वर्ग तथा सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों के लिए डॉक्टर बी आर अंबेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना के अंतर्गत वर्ष 2025-26 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। आवेदन प्रक्रिया गत अगस्त माह से शुरु हो चुकी है और 31 जनवरी 2026 तक किए जा सकेंगे। योजना का लाभ वहीं विद्यार्थी उठा सकेंगे। जिनके परिवार की वार्षिक आय चार लाख रुपये से अधिक न हो।

## सरकारी जूडो सेंटर की खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

# अंश ने स्वर्ण व शौर्य ने कांस्य पदक जीता


**अर्जुन अवार्डी कोच पूनम चौपड़ा ने दावा किया कि अंश मलिक देश का यंगेस्ट नेशनल गोल्ड मेडलिस्ट बन गया है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

मध्यप्रदेश में आयोजित नेशन कुरैश प्रतियोगिता में बहादुरगढ़ के डॉ भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में संचालित सरकारी जूडो सेंटर की खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। अंश मलिक ने अपने आयुवर्ग में स्वर्ण पदक तथा शौर्य रावत ने कांस्य पदक जीता है।

बता दें कि रायपुर में 10 से 14 सितंबर के बीच हुए कुरैश नेशनल में अंश मलिक ने गोल्ड मेडल जीता। अर्जुन अवार्डी कोच पूनम चोपड़ा ने बताया कि अंश ने 7 से 9 वर्ष के आयुवर्ग में प्रथम स्थान हासिल करते हुए स्पर्ण पदक जीता। उसके पिता कुलदीप मलिक ने भी ऐतिहासिक सफलता पर अंश के साथ ही उसके प्रशिक्षकों को बधाई दी।


इसके अलावा शौर्य रावत ने 12 से 14 साल तक के आयुवर्ग में कांस्य पदक जीता है।



बहादुरगढ़। कोच के साथ अंश व शौर्य का स्वागत सम्मान करते खेलप्रेमी। फोटो: हरिभूमि

अर्जुन अवार्डी कोच पूनम चौपड़ा ने दावा किया कि अंश मलिक देश का यंगेस्ट नेशनल गोल्ड मेडलिस्ट बन गया है।

रविवार को अंबेडकर स्टेडियम में दोनों के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया। इसमें सोनिया मलिक, कविता रावत, सजिंदर रावत, जसराम मलिक, रोशनी देवी, सुनील मलिक, अंजलि, डॉ. हरबीर सिंह राठी, संजय शर्मा, सतिंदर सिंह, शालू और धर्मेंद्र आदि मौजूद रहे।




बहादुरगढ़। विजेता खिलाड़ी खुशहाल राठी को सम्मानित करते विधायक राजेश जून। फोटो: हरिभूमि

### कांस्य पदक विजेता खुशहाल का सांखोल में स्वागत

बहादुरगढ़। सांखोल गांव निवासी 14 वर्षीय खुशहाल राठी ने नेशनल गेम्स में ब्रॉन्ज मेडल जीता है। पदक जीतकर लौटने पर परिजनों और खेल प्रेमियों ने उसका जोरदार स्वागत किया। स्वागत समारोह में विधायक राजेश जून ने भी शिरकत करते हुए उसे भविष्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। विजेता खिलाड़ी खुशाल राठी ने बताया कि छत्तीसगढ़ के रायपुर में सब जूनियर कुराश नेशनल प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। खुशहाल ने जूडो के कुराश इवेंट में अपने आयु वर्ग में कांस्य पदक जीता। वह खरखौदा के प्रताप स्कूल में दसवीं कक्षा का छात्र है। उसने अपनी जीत का श्रेय अपने माता-पिता और द्रोणाचार्य अवॉर्डी कोच ओमप्रकाश दहिया को दिया। वह हरियाणा स्टेट गेम्स और सीबीएसई नेशनल गेम्स में भी पदक हासिल कर चुका है। विधायक राजेश जून ने खुशहाल राठी को 11 हजार रुपए देकर सम्मानित किया और भविष्य में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने युवाओं को खेलों में बढ़ चढ़कर भाग लेने और नशे की प्रवृत्ति से दूर रहने के लिए भी प्रेरित किया।

### सीबीएसई स्कूल नेशनल चैंपियनशिप में जिले के मुक्केबाजों ने जीते गोल्ड मेडल

**झज्जर।** सीबीएसई स्कूल नेशनल बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में जिले के खिलाड़ियों का प्रदर्शन शानदार रहा। महर्षि दयानंद सरस्वती खेल स्टेडियम के बॉक्सिंग कोच हितेश देशवाल व बेरी खेल स्टेडियम कोच नवीन नेहरा ने बताया कि उत्कृष्ट प्रदर्शन करते खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक जीत कर जिले का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने बताया कि महर्षि दयानंद सरस्वती खेल स्टेडियम के खिलाड़ी तमन ने 55 किलोग्राम भारवर्ग तथा सागर ने 80 किलोग्राम भार वर्ग स्वर्ण पदक जीता वहीं बेरी खेल स्टेडियम के उभरते मुक्केबाज निशांत ने 42 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल जिले का गौरव बढ़ाया। उन्होंने होनहार खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



झज्जर। होनहार मुक्केबाज तमन कटारिया। फोटो: हरिभूमि

## आरएएफ की टीम ने पुलिस जवानों को टीएसएम व विशेष उपकरणों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

रविवार को पुलिस लाइन मैदान में आरएएफ 194 की टीम ने जिला पुलिस के जवानों को टीएसएम व विशेष उपकरणों की जानकारी दी। प्रवक्ता ने बताया कि आरएएफ की एक टुकड़ी पिछले पांच दिन से जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में परिचित अभ्यास के लिए दौरे पर थी। दौरे के अंतिम दिन रविवार को उन्होंने कम घातक हथियार, अश्रु गैस के विभिन्न प्रकार के सेल व ग्रेनेड तथा उपद्रवियों पर उपयोग किए जाने वाले विभिन्न प्रकार के विशेष उपकरणों की प्रदर्शनी लगायी गई व पुलिस के जवानों को इसके जनता पर इस्तेमाल के तरीके और भीड़ पर पड़ने वाले प्रभाव की जानकारी दी गई। जिसका उद्देश्य हरियाणा पुलिस के साथ मिलकर किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्यवाही करते हुए आम जनता पर कम से कम बल प्रयोग कर आपात स्थिति से निपटना और जान-माल की हानि होने से बचाना रहा।

इस मौके पर पुलिस लाइन प्रभारी सब-इंस्पेक्टर सतबंत सिंह, सब इंस्पेक्टर सतीश कुमार, आरएएफ के डीएसपी रजेश कुमार पांडेय, इंस्पेक्टर जगदीश चंद, इंस्पेक्टर सीएस बादौरिया, इंस्पेक्टर गयानीसाम, सब इंस्पेक्टर सतवीर, अमरजीत चौधरी, कुलविंदर सिंह, राकेश कुमार जितेंद्र सिंह सहित अन्य भी मौजूद रहे।



झज्जर। पुलिस लाइन मैदान में जवानों को हथियारों की जानकारी देते हुए आरएएफ की टीम। फोटो: हरिभूमि


## बराही में हुआ केंद्रीय मंत्री का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

केंद्रीय खनन मंत्री सतीश कुमार दुबे रविवार को गांव बराही में पहुंचे। जिला पार्षद एवं भाजपा जिला महामंत्री रविंद्र छिल्लर के निवास स्थान पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

स्वागत सम्मान के उपरांत केंद्रीय मंत्री सतीश कुमार दुबे ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश दिन-प्रतिदिन नई ऊंचाइयों को छू रहा है। मोदी सरकार की नीतियों से हर वर्ग को लाभ मिल रहा है।

देश की अर्थव्यवस्था लगातार मजबूत हो रही है और भारत आज विश्व मंच पर नई पहचान बना रहा है। रविंद्र छिल्लर ने बराही गांव में उनके निवास पर आने के लिए केंद्रीय खनन मंत्री सतीश कुमार दुबे का स्वागत किया।



बहादुरगढ़। केंद्रीय मंत्री सतीश कुमार दुबे का स्वागत करते रविंद्र छिल्लर बराही।

## सीएम विंडो के एमिनेंट पर्सन नियुक्त होने पर किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

हरियाणा सरकार की ओर से जारी सीएम विंडो के लिए एमिनेंट पर्सन की सूची में बहादुरगढ़ हलके के 6 भाजपा कार्यकर्ता शामिल हैं। इनमें दिनेश कौशिक की पुत्रवधू चेष्ठा नकुल कौशिक, सेक्टर-6 निवासी मनोज राठी, सौलधा निवासी विकास काजला, डिफेंस कॉलोनी निवासी रमेश आर्य, मंजीत कुमार और रामकुमार सैनी शामिल हैं।

रविवार को भाजपा नेता दिनेश कौशिक के सेक्टर-2 स्थित कार्यालय में सभी नवनियुक्त एमिनेंट पर्सन का सम्मान किया गया। उन्होंन कहा कि सभी नियुक्त सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा से निभाएंगे। सभी ने दिनेश कौशिक के साथ सीएम नायब सैनी, प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ और जिलाध्यक्ष विकास वाल्मिकी का आभार जताया। इस अवसर पर पार्षद अमित कौशिक, कृष्ण पांचाल, संजय बराही व दलेल सिंह आदि मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। दिनेश कौशिक के साथ सीएम विंडो के एमिनेंट पर्सन। फोटो: हरिभूमि

## निबंध प्रतियोगिता में सचिन कौशिक अव्वल

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

आईटीआई झज्जर एट गुढ़ा परिसर में युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग हरियाणा के तत्वावधान में रविवार को हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में एक निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। निबंध प्रतियोगिता में सचिन कौशिक इलेक्ट्रिशियन द्वितीय वर्ष ने प्रथम, दीपक कुमार इलेक्ट्रीशियन, प्रथम वर्ष ने द्वितीय, मेघा कोपा प्रथम वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य एवं जिला नोडल अधिकारी जीतपाल ने बताया कि संस्थान परिसर में हिंदी दिवस मनाया गया और हिंदी के महत्व विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सुनीता सहरावत, प्राचार्या तथा रामबीर ककराना प्रवक्ता ने शिरकत की। विशिष्ट अतिथियों ने हिंदी भाषा के महत्व, इतिहास और प्रचार पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में हिंदी भाषा पर स्टाफ सदस्यों और छात्र-छात्राओं ने अपने विचार व्यक्त किए गए। प्राचार्य ने हिंदी भाषा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हमें अपनी मातृभाषा पर गर्व होना चाहिए और दैनिक जीवन में इसका आत्मसात करना चाहिए। मौके पर वर्ग अनुदेशक रमेश कुमार, पवन कुमार, नीरज सहगल, दीपक जून, राकेश, सुरेंद्र, प्रदीप गौरव, प्रियंका, दीपक दक्ष, अनिल आदि मौजूद रहे।




झज्जर। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुए प्राचार्य। फोटो: हरिभूमि

**हरिभूमि**

**आवश्यक सूचना**

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़

झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर

फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**

मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।

**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**

आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra

नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें

झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400

बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

### शिविर में 150 लोगों ने कराई जांच

**बहादुरगढ़।** लायंस क्लब बहादुरगढ़ टाउन द्वारा रविवार को महावीर मंदिर में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने करीब 150 लोगों का स्वास्थ्य जांचा तथा परामर्श दिया। इस मौके पर हेमंत सलूजा, अरुण पाहुजा, सूबे सिंह, देवेन शर्मा, हरि प्रकाश, सनी मलिक, देवन, स्वर्णजीत बत्रा, हंसराज पुजारा, गुलशन शर्मा तरुण चुघ व जगदीश एलाहाबादी मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। शिविर में जांच कराने पहुंचे लोग। फोटो: हरिभूमि

## सिरसा में सम्मानित हुए माता प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

सिरसा में हिंदी दिवस के मौके पर हरियाणा प्रादेशिक लघु कथा मंच द्वारा अखिल भारतीय लघु कथा सम्मेलन किया गया। इसमें बहादुरगढ़ निवासी वरिष्ठ साहित्यकार माता प्रसाद शुक्ल को लघु कथा लेखन में दिए गए योगदान के लिए लघु कथा सेवी सम्मान दिया गया। विदित है कि शुक्ल की अनेक विधाओं में डेढ़ दर्जन पुस्तकें प्रकाशित हुई हैं।



बहादुरगढ़। माता प्रसाद शुक्ल को सम्मानित करते आयोजक। फोटो: हरिभूमि

## अशोक मान ने आर्यन के लिए मांडोठी में मांगे वोट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

लोवा सत्रह खाप के प्रधान अशोक मान ने रविवार को गांव मांडोठी में आर्यन मान के समर्थन में वोट देने की अपील की। विदित है कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने बहादुरगढ़ के आर्यन मान को दिल्ली यूनिवर्सिटी छात्रसंघ के चुनावों के लिए प्रधान पद का उम्मीदवार बनाया है।

बता दें कि सिद्दीपुर लोवा गांव निवासी अशोक मान और दलबीर मान एबीवीपी प्रत्याशी आर्यन मान के ताऊ हैं। पूर्व सरपंच सिकंदर मान के बेटे आर्यन मान ने हंसराज कॉलेज से स्नातक की है और फिलहाल दिल्ली यूनिवर्सिटी से लाईब्रेरी साइंस में एमए कर रहे हैं। अशोक मान ने कहा कि बहादुरगढ़ समेत पूरे एनसीआर से मिल रहे अभूतपूर्व समर्थन के बूते प्रधान पद पर आर्यन के साथ ही एबीवीपी का पूरा पैनल जीत हासिल करेगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली यूनिवर्सिटी के चुनाव में हरियाणा के छात्रों की निर्णायक भूमिका रहेगी। उन्होंने बताया कि डूसू चुनाव वीरवार 18 सितंबर को होंगे और 19 सितंबर को परिणाम घोषित होंगे। उनके साथ कैप्टन मान सिंह दलाल, दयानंद चेयरमैन, पंडित अतर सिंह, महेंद्र दलाल व पप्पू दलाल आदि ने भी आर्यन मान की जीत का दावा किया।




बहादुरगढ़। आर्यन के समर्थन में मांडोठी में प्रचार करते अशोक मान व अन्य। फोटो: हरिभूमि

### बदहाल सड़कों से लोगों को हो रही परेशानी

**बहादुरगढ़।** सेक्टर-2 के लोग बदहाल सड़कों व अन्य समस्याओं से परेशान हैं। रविवार को सेक्टरवासियों ने एकत्र होकर नाराजगी जताई और प्रशासन से समस्याओं के समाधान की मांग की। गुलाब सिंह, रमेश शर्मा, जगदीश आदि ने कहा कि सेक्टर-2 की मुख्य सड़क से रोजाना हजारों वाहन गुजरते हैं। यह मार्ग थाने की ओर जाता है, लेकिन सड़क का काफी बड़ा हिस्सा गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। इससे न केवल वाहन क्षतिग्रस्त हो रहे हैं, बल्कि आए दिन लोग चोटिल हो रहे हैं। सड़क की समस्या के साथ-साथ यहां सीवरेज लाइनें जाम पड़ी हैं और नाले भी बंद हैं, जिसके चलते बरसात में जलभराव की स्थिति बन जाती है। इसके अलावा, स्ट्रीट लाइटों की कमी से अंधेरे में लोगों को आवाजाही में दिक्कत होती है। लोगों ने मांग की कि सबसे पहले 24 मीटर चौड़ी मुख्य सड़क को नए सिरे से आरसीसी से बनाया जाए। साथ ही सीवरेज, निकासी व्यवस्था को सुधारा जाए और स्ट्रीट लाइटों की व्यवस्था की जाए ताकि क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके।



बहादुरगढ़। सड़क पर बने गड्ढे दिखाते स्थानीय निवासी। फोटो: हरिभूमि